1

641

दृष्टि The Vision

# राजनीतिक विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध

## टेस्ट-14

| निर्धारित समयः तीन घंटे<br>Time allowed: Three Hours | DTVF / OPT-24 **PSIR-2414** | अधिकतम अंकः 250<br>Maximum Marks: 250 |
|---|---|---|

**Name:** Ritik Arya **Mobile Number:**

**Medium (English/Hindi):** HINDI **Reg. Number:** 3094

**Center & Date:** Mukherjee Nagar 09/09/2024 **UPSC Roll No. *(If allotted)*:** 0808386

### प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:***
*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी एवं अंग्रेज़ी** भाषा में मुद्रित हैं।*
***परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं।***
*प्रश्न संख्या **1** और **5** **अनिवार्य** हैं तथा बाकी में से **प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न** चुनकर किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर दीजिये।*
*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिये गए हैं।*
*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहियें जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर **कोई अंक नहीं** मिलेंगे।*
*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिये।*
*जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ। इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिये दिये गए स्थान में ही बनाना है।*
*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।*

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

***Please read each of the following instruction carefully before attempting questions:***
*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI & ENGLISH**.*
*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*
*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*
*The number of marks carried by a question/part is indicated against it.*
***Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer** (Q.C.A.) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*
***Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.***
*Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.*
***Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.***

| प्र. सं. (Q.No.) | a | b | c | d | e | कुल अंक (Total Marks) | प्र. सं. (Q.No.) | a | b | c | d | e | कुल अंक (Total Marks) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | 5 | | | | | | |
| 2 | | | | | | | 6 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | 7 | | | | | | |
| 4 | | | | | | | 8 | | | | | | |
| | | | | | | सकल योग (Grand Total) | | | | | | | |

मूल्यांकनकर्त्ता ( हस्ताक्षर )
*Evaluator (Signature)*

पुनरीक्षणकर्त्ता ( हस्ताक्षर )
*Reviewer (Signature)*

drishti | दृष्टि The Vision

# Feedback

1. Context Proficiency (संदर्भ दक्षता)
2. Introduction Proficiency (परिचय दक्षता)
3. Content Proficiency (विषय-वस्तु दक्षता)
4. Language/Flow (भाषा/प्रवाह)
5. Conclusion Proficiency (निष्कर्ष दक्षता)
6. Presentation Proficiency (प्रस्तुति दक्षता)

drishti | दृष्टि The Vision

## खण्ड - क / SECTION - A

**1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिये: 10 × 5 = 50**

**Answer the following in about 150 words each: 10 × 5 = 50**

(a) यथार्थवादी दृष्टिकोण का आलोचनात्मक विवरण प्रस्तुत कीजिये।
Present a critical account of the Realist approach.

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

थ्रेसीमेकस, कौटिल्य से लेकर मैकियावेली इन्होंने प्राचीन व मध्यकाल में यथार्थवाद का आधार रखा। मार्गेन्थाऊ ने शास्त्रीय यथार्थवाद के विचार द्वारा राज्यों के हितों को सर्वाधिक प्राथमिकता दी।

यथार्थवाद भूराजनीति को सर्वाधिक महत्व देता है। सुरक्षा खतरे और सुरक्षा प्रत्यक्षण इनका मूल-आधार है। शक्तिशाली राज्य का हित ही अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में पूर्ण होता है। मार्गेन्थाऊ, केनेथ वाल्ट्ज, मीरशीमर आदि ने यथार्थवादी दृष्टिकोण का वर्णन किया है।

चूंकि ये शक्ति, सुरक्षा, भूराजनीति को ही सर्वाधिक महत्व देते है तो लेते मे उदारवादी

drishti | दृष्टि The Vision

इनकी आलोचना करते है उदारवादी अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओ यथा यूएनओ, वर्ल्ड बैंक, आईएमएफ द्वारा अन्तर्निर्भरता बढ़ाना चाहते है

कार्ल ड्यूश संचार द्वारा

जेम्स रोजेनाऊ MNCs द्वारा राष्ट्रो मे बढ़ती अन्तर्निर्भरता को बताते है जहाँ संघर्ष नही बल्कि सहयोग बढ़ रहा है

नवमार्क्सवादियो यथा रॉबर्ट कॉक्स, नोम चोमस्की ने यथार्थवादियो को पूंजीपतियों का संरक्षक कहा है

नारीवादी टिकनर ने मार्गेन्थाऊ की आलोचना तो सिद्धांतो में नारीवादी दृष्टिकोण बताते हुए अर्न्त० व्यवस्था को पितृसत्तात्मक व्यवस्था कहा है इस प्रकार यथार्थवादी सुरक्षा, संधि, कूटनीति को ही यथार्थ मानते।

drishti | दृष्टि The Vision

(b) टिप्पणी: उदार अंतर्राष्ट्रीयवाद।
Comment: Liberal Internationalism.

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

उदारवादी उदार अन्तर्राष्ट्रीयवाद के समर्थक है। यह नियम आधारित विश्व व्यवस्था, यूएन, वर्ल्ड बैंक आदि के समर्थक है।

वुडरो विल्सन ने लीग ऑफ नेशन्स द्वारा युद्धों को नियंत्रित करना चाहा तथा यूरोप व विश्व मे शांति चाही।

जेम्स रोजेनाऊ दुनिया मे अन्तर्निर्भरता को बढ़ाना चाहते हैं। रॉबर्ट कोहेन, जोसेफ नाई जैसे विचारक सॉफ्ट पावर के समर्थक है जहाँ तकनीक, शिक्षा, आदि को प्रोत्साहित किया जाए।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

वर्तमान रूस-यूक्रेन युद्ध उदार व्यवस्था के लिए खतरा है इसने यूरोप को Zone of Peace (रार्बर्ट कोहेन) से Zone of Turmoil मे बदल दिया।

चीन का शक्तिशाली उभार (मीयर्शीमर) यूएन का उल्लंघन कर रहा है चीन नियम आधारित विश्व व्यवस्था को नही मानता जैसे → द० चीन सागर मे UNCLOS के नियम न मानना।

अत: उदार अन्तर्राष्ट्रीयतावाद उदारीकरण वैश्वीकरण को तेज करता है यूएन जैसी संस्थाओं को महत्व देता है दुनिया मे अर्थनीति का चलन होता है न कि युद्धनीति का।

drishti | दृष्टि The Vision

(c) जटिल अन्योन्याश्रितता के अर्थ और विशेषताओं की व्याख्या कीजिये।
Explain the meaning and characteristics of complex interdependence.

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

रिचर्ड कोहेन ने कोवेब मॉडल द्वारा जटिल अन्योन्याश्रितता का विचार प्रतिपादित किया। जहाँ दुनिया मकड़ी के जाल की भाँति अन्तर्निर्भर हो गयी है।

कोहेन ने कहा कि नये वाणिज्य संघर्ष की बात करते हैं जहाँ राष्ट्र बिलियर्ड बॉल के बॉल की तरह हैं जोकि सत्य नहीं है। आज दुनिया में वृद्धि हो रही है अन्योन्याश्रितता

दुनिया में वैश्वीकरण के कारण नागरिक समाज जुड़ रहा है। संचार ने

MNCs / NGO
सरकार / प्रशासन
नागरिक समाज
Cobweb

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

दूरी को न्यून कर दिया है। और वैश्विक समाज का निर्माण हो रहा है। जहाँ लोगो मे जुड़ाव बढ़ रहा है।

एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र पर अपनी, कच्चे माल के लिए निर्भर है। तकनीक ने इसे जटिल बना दिया है।

अतः नवउदारवादी शासन ने दुनिया मे बढ़ती अन्योन्याश्रितता के लिए आर्थिक, तकनीकी, नागरिक समाज, MNCs को महत्व दिया है।

(d) प्रणाली सिद्धांत।
Systems Theory.

डेविड ईस्टन ने सिस्टम थ्योरी का प्रतिपादन कर वैज्ञानिक व वस्तुनिष्ठ मूल्यों को आगे बढ़ाया और अन्तर्विषयक अध्ययन का क्षेत्र खोला।

मानकीय उपागम के अन्तर्गत मूल्यों, विचारों, इतिहास का ज्यादा महत्व दिया जाता है जैसे सेबाइन, डनिंग, राजस्वामी आदि।

परंतु ईस्टन ने राजनीति विज्ञान को प्राकृतिक विज्ञान जैसे बनाने की कोशिश की। जिससे शिकागो स्कूल से वैज्ञानिक अध्ययन शुरू हुआ।

ईस्टन ने तुलनात्मक पद्धति में व्यवस्था को महत्व दिया और बताया कि राजनीतिक व्यवस्था कैसे

drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

व्यावहारिक रूप में कार्य करती है।

बाह्य परिवेश




ईस्टन ने कहा आगत के रूप में नागरिकों द्वारा मांगे की जाती है जिसे गेट पर खड़े प्रबंधक समूह, संस्कृति द्वारा आगे बढ़ाती है फिर निर्गत के रूप में नियम, कानून बनते है सरकार फीडबैक लूप द्वारा सुझाव लेती रहती है।

आगे आमण्ड एवं पावेल ने प्रक्रियात्मक रूप में इसमें सुधार किया और प्रक्रिया को ज्यादा महत्व दिया। परंतु ईस्टन ने कार्यात्मक अध्ययन में नया नजरिया पेश किया।

drishti | दृष्टि The Vision

(e) नए सामाजिक आंदोलनों का पुराने सामाजिक आंदोलन से विभेद कीजिये
Differentiate new social movement from the old social movement.

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

आंदोलन राष्ट्रों व राज्यों के विकास के साथ चलते गए। जहाँ पुराने सामाजिक आंदोलन सीमित व स्थिति विशेष के लिए थे अब वे व्यापक और सापेक्ष हो गए हैं।

आज बहुसंस्कृतिवादी जैसे किन्नर, भील पारसी अल्पसंख्यकों प्रजातियों के अधिकारों की वकालत कर रहे तो पहले राजनीतिक अधिकार की मांग की जाती थी। जिसमें वोट देने, नागरिकता आदि आंदोलन प्रमुख थे।

LGBTQIA+ आंदोलनों ने विषमलैंगिक संबंधों की जगह किसी प्रकार के आंदोलन की मांग की।

drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

जहाँ साम्यवादी, समाजवादी काम के घंटे, समान वेतन, उचित काम की दशाएँ और प्रबंध में हिस्सेदारी मांगते थे आज सामाजिक सुरक्षा, बीमा आदि रूप में परिवर्तित हो चुके हैं।

जहाँ उदारनारीवादियों ने महिला समानता की मांग की जैसे - वालस्टोन परंतु आज अश्वेत नारीवाद (रोजा पार्क, एंजेला डेविस), उपनिवेश नारीवाद (गायत्री स्पीवाक) आदि ने अपनी मांगें बढ़ायीं।

आज लोकतंत्र में सहभागी लोकतंत्र, परिचर्चात्मक (मैकफर्सन) लोकतंत्र की मांग की जा रही है।

अतः उत्तर आधुनिकता के इस दौर में सामाजिक आंदोलन सापेक्ष और व्यापक हो गए हैं।

drishti | दृष्टि The Vision

2. (a) राष्ट्र-राज्यों के लिये वैश्वीकरण की उभरती चुनौतियाँ क्या हैं? चर्चा कीजिये। 20

What are the emerging challenges of Globalization for Nation-states? Discuss. 20

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वैश्वीकरण को मैकमूलन ने ग्लोबल विलेज का नाम दिया है जिसमें राष्ट्र राज्यों की सीमा बेकार हो चुकी है। परंतु जहाँ यह अवसर लाता है तो वहीं कई चुनौतियां।

उभरती चुनौतियाँ

(1) वैश्वीकरण ने MNCs को आगे बढ़ाया जिससे नव उपनिवेशवाद का आधार निर्मित हुआ। रॉबर्ट कॉक्स जैसे मार्क्सवादी इसे पूंजीवादी राज्यों द्वारा किया गया षड्यंत्र बताते हैं नोम चोमस्की ने इन्हें नवसाम्राज्यवाद का आधार कहा है।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(2) IMF, World Bank जैसी संस्था राज्यों को ऋण उपलब्ध कराते हैं जिससे राज्यों की संप्रभुता पर चुनौती उत्पन्न होती है। डेनियल ने पहले ही कहा था वैश्वीकरण राज्यों की संप्रभुता को क्षीण कर देगा।

(3) आन्द्रे गुण्डर फ्रैंक और वालरस्टीन ने कहा कि वैश्वीकरण छोटे राज्यों यथा अफ्रीका, लैटिन अमेरिका के कच्चे मालों का शोषण करता है और उन्हें विनिर्मित वस्तुएं बेचता है।

(4) WTO जैसी संस्था बाधा रहित टैरिफ रहित व्यापार की बात

drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

रहती जिसमें छोटे राज्य विदेशी वस्तुओं से पट जाते और उनके निजी व्यापार वैश्विक प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते तथा पिछड़ जाते।

उदा. → 13 वीं WTO मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में मत्स्य व चीनी सब्सिडी को लेकर चर्चा हुई जो विकासशील राष्ट्रों के विरुद्ध है।

(5) वैश्वीकरण के कारण आतंकवाद का भी वैश्विक प्रसार हुआ है और आतंकवाद अब Global Terror के रूप में उभरा।

(6) आधुनिक विचारों के चक्कर में Modernization की जगह Westernization हो जाता। इसलिए महातिर मोहम्मद ने एशियाई मूल्य का विचार दिया।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(7) जलवायु परिवर्तन आज एक बड़ी समस्या है। विकसित राष्ट्र ग्रीन टेक्नोलोजी का हस्तांतरण नहीं करते और विकासशील राष्ट्रों मे कंपनियों या निवेश करके उनका श्रम व संसाधन का दोहन करते।

(8) इसके अलावा साइबर टेरर, नार्को का बढ़ता व्यापार, मनीलॉन्ड्रिंग, आदि मे भी इजाफा हुआ है।

अत: यहां वैश्वीकरण आर्थिक विकास, विदेशी निवेश, नयी तकनीक लाता है तो अपने साथ कई चुनौतियां भी। इसलिए दुनिया मे कहीं-2 राष्ट्रवाद का प्रसार हो रहा है।

drishti | दृष्टि The Vision

(b) मार्गेन्थाऊ के यथार्थवादी दृष्टिकोण और प्रस्तावित सिद्धांतों की चर्चा कीजिये। 15

Discuss the Realist approach and the principles proposed by Morgenthau. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

यथार्थवादी दृष्टिकोण के शुरुआत में वर्णन कौटिल्य, मैकियावेली ने भी किया परंतु शास्त्रीय यथार्थवाद के रूप में व्यवस्थित आधार मार्गेन्थाऊ ने रखा। इनकी पुस्तक Politics Among the Nation प्रसिद्ध है।

मार्गेन्थाऊ ने शक्ति को ही अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के केंद्र में माना है शक्तिशाली राष्ट्र का हित ही दुनिया का हित होता है दुनिया में भूराजनीति हमेशा प्रभावी रहती जो राष्ट्रों में दुराव प्रत्यक्षण बढ़ाती है।

इस संबंध में मार्गेन्थाऊ ने 6: सिद्धांत दिए हैं जो यथार्थवादी

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

का आधार बना -




① मार्गेन्थाऊ ने कहा अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था मनुष्य के वस्तुनिष्ठ स्वभाव की तरह है जैसे मनुष्य शक्ति व प्रभुत्व चाहता ठीक वैसे राज्य भी।

② राष्ट्रीय हित अन्तर्राष्ट्रीय हित से प्रमुख होते हैं इसलिए सुरक्षा व सेना अर्थ से ज्यादा महत्वपूर्ण

③ राष्ट्रीय हित परिवर्तनशील होते हैं जैसा पामर्स्टन ने कहा था -

drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

न तो कोई स्थायी शत्रु है न कि कोई स्थायी मित्र, स्थायी है- हित जो आवश्यकता अनुसार बदलते रहते।

जैसे → 1970 में चीन व USA का पास आना।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय संबंध तार्किकता पर आधारित है। कोई नैतिक व्यवस्था कार्य नहीं।

(5) विचारधारा राष्ट्रीय हितों का मात्र एक साधन है।

(6) राज्य ही अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में सर्वोच्च है इसलिए कोई भी विधि उसे नियंत्रित नहीं कर सकती।

आगे नवयथार्थवाद केनेथ वाल्ट्ज मानवस्वभाव से ज्यादा अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था को ही अराजक कहते है जहाँ राज्य की सुरक्षा की एक ही गारंटी है- शक्ति। वर्तमान रूस यूक्रेन युद्ध, इजरायल हमास जंग मार्गेन्थाऊ के यथार्थवाद को दिखा रहा है।

(c) यह कहना सही है कि प्रतिरोध/डिटरेंस अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में शांति बनाए रखने के लिये एक शक्तिशाली हथियार के रूप में कार्य करता है। इसके बावजूद इसकी कुछ सीमाएँ हैं। चर्चा कीजिये। 15

It is true to say that deterrence serves as a potent weapon to maintain peace in the international system. In spite of this, there are certain limitations to it. Discuss. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

प्रतिरोध (डेटरेंस) से आशय है इससे राष्ट्र को हमला करने से रोकना। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद परमाणु युग में यह सिद्धांत पनपा।

1945 में अमेरिका द्वारा परमाणु परीक्षण और फिर 1949 में रूस, 1952 में ब्रिटेन आदि ने परीक्षण किए। शीतयुद्ध के दौर में क्यूबा मिसाइल संकट के समय USA व USSR पीछे हट गए।

चूंकि परमाणु बम WMD विनाशक हथियार है जो दोनो को हानि पहुंचाएंगे इससे कोई हमला नहीं करता और सुरक्षा व

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

शांति बनी रहती है परंतु किसी आलोचक ने परमाणु बमों को 'Balance of Terror' आतंक का संतुलन कहा।

यह सही है कि परमाणु बमों से कोई राष्ट्र अपना नुकसान नहीं करवाना चाहता। इसलिए यथार्थवादियों ने यूनिट वीटो मॉडल दिया जहाँ सभी के पास परमाणु हथियार होंगे और दुनिया से परमाणु जंग खत्म हो जाएगा।

परंतु सूक्ष्म अध्ययन से इसकी कुछ आलोचनाएँ सामने आती हैं —

① 1962 के समय इसलिए परमाणु युद्ध नहीं हुआ क्योंकि 1945 के घाव ताजे थे।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(2) 1999 में कारगिल युद्ध में दोनो राष्ट्र भारत-पाक परमाणु शक्ति संपन्न था तब भी लड़े।

(3) परमाणु बमो का Failed & Rogue state के पास होना जैसे- नोर्थकोरिया

(4) सुरक्षा के नए खतरे नार्को टेरर साइबर वार, आदि मे सुरक्षा नही।

(5) विश्वसनीयता की कमी। कमी राष्ट्रों के पास सुरक्षित हथियार और मानक है

अतः रूस-यूक्रेन युद्ध मे पुतिन द्वारा परमाणु हथियार के विकल्प की बात बोलना, नोर्थ कोरिया द्वारा लगातार परीक्षण दुनिया मे अस्थिरता व चिंता बढ़ा देते है

**3.** (a) विकसित और विकासशील राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था का तुलनात्मक विवरण लिखिये। 20
Write a comparative account of the democratic system in the developed and developing state. 20

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(b) नए सामाजिक आंदोलन में नागरिक समाज की भूमिका की चर्चा कीजिये। 15

Discuss role of Civil Society in New Social Movement. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(c) राजनीतिक विकास मॉडल, के महत्त्व और आलोचना पर चर्चा कीजिये। 15

Discuss Political Development Model, its significance and criticism. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

4. (a) दबाव समूहों की चर्चा कीजिये और उनके वर्गीकरण पर प्रकाश डालिये। 20

Discuss Pressure Groups and throw light on their classification. 20

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti

दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(b) वैश्वीकरण की वर्तमान लहर की पृष्ठभूमि में राष्ट्रवाद का मूल्यांकन कीजिये। 15

Evaluate Nationalism in the backdrop of the current wave of Globalization. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

(c) पश्चिमी और एशियाई देशों की वैश्विक राजनीति में दिन-प्रतिदिन लोकप्रिय हो रहे राष्ट्रवाद का आर्थिक विकास से तुलनात्मक विवरण दीजिये। 15

Give a comparative account of Nationalism gaining pace in the global politics of west and Asian countries vis-a-vis economic growth. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

## खण्ड - ख / SECTION - B

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

**5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिये: 10 × 5 = 50**

**Answer the following in about 150 words each: 10 × 5 = 50**

(a) जलवायु न्याय सुनिश्चित करने में UNFCC की भूमिका। टिप्पणी कीजिये।
Role of UNFCCC, in ensuring climate justice. Comment.

मोदी जी ने जलवायु न्याय को वर्तमान जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रमुख माना है। जहाँ ग्लोबल साउथ के साथ न्याय किया जाए। ऐसे में UNFCC की भूमिका प्रमुख हो जाती।

UNFCC की भूमिका

1992 के पृथ्वी सम्मेलन के बाद UNFCC का गठन हुआ। यह COP सम्मेलन द्वारा जलवायु परिवर्तन के प्रति राष्ट्रों को एकजुटता व कार्यवाही का आह्वान करता है।

प्रथम COP से GEF (Global Environment Fund) का प्रावधान

drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

किया गया ताकि जलवायु परिवर्तन को न्यून किया जा सके।

जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा प्रभाव छोटे देशों को ग्लोबल साउथ में आते हैं उन्हें ही इसका सामना करना पड़ता है। (IPCC रिपोर्ट → सबसे ज्यादा SIDS देश डूब जाएंगे 21वीं सदी अंत तक)

ऐसे में Loss & Damage Fund, Polluters must Pay जैसे सिद्धांत व क्षतिपूर्ति कोष जरूरी है $100 बिलियन की सहायता के लिए अभी भी विकसित राष्ट्र आनाकानी करते हैं। ऐसे में जलवायु न्याय को सुनिश्चित करने के लिए विकसित राष्ट्रों को ग्रीन टेक्नोलॉजी, वित्त, शोध ग्लोबल साउथ को उपलब्ध कराने चाहिए। जिससे UNFCC का सही उद्देश्य पूरा हो सके।

drishti | दृष्टि The Vision

(b) परमाणु हथियारों पर भारत के दृष्टिकोण का विश्लेषण कीजिये।
Analyze India's stand on nuclear weapons.

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

1954 के यूएन भाषण में नेहरू ने कहा था भारत दुनिया से परमाणु बमों को खत्म करना चाहता है। भारत आज भी साथ में पूरी दुनिया से परमाणु निशस्त्रीकरण का समर्थक है।

NPT, CTBT जैसी संधियां परमाणु अप्रसार के लिए लायी गयी लेकिन परमाणु निशस्त्रीकरण की बात नहीं करते।

भारत जैसा राष्ट्र जो दो-2 दुश्मनों से घिरा है ऐसे में भारत की सुरक्षा ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती। 1964 में चीन द्वारा परमाणु परीक्षण

drishti दृष्टि The Vision

करने के बाद भारत ने अपनी सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए परमाणु परीक्षण पोखरण (1974) किया।

आगे 1998 मे द्वितीय परमाणु परीक्षण द्वारा भारत ने कहाँ कि ये उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक था। भारत ने अपना परमाणु सिद्धांत दिया जिसमे उसने अपनी विश्वसनीयता और No first Use को दिखाया।

आलोचक No first Use की नीति को सही नही मानते। परंतु यह हमारी विश्वसनीयता व शांति को दिखाती है।

भारत आज भी पूरी दुनिया से परमाणु निरस्त्रीकरण का समर्थक है तथा वह चाहता है कि सारी दुनिया एक स्थाई शांति हेतु काम करे।



उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

(c) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की शक्तियों और उत्तरदायित्वों की चर्चा कीजिये।
Discuss the powers and responsibilities of the UN Security Council.

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

24 october 1945 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई। सुरक्षा परिषद इसका एक अंग है- जो दुनिया में शांति संतुलन के लिए बनाया गया था।

यह UN की सर्वाधिक शक्तिशाली संस्था है। यह विश्व शांति के लिए उत्तरदायी है

UNSC
↓
15 सदस्य
- P-5 → स्थायी
- 10 → अस्थायी ↓ प्रत्येक 2 साल में बदलते

शक्तियाँ
- → ① वीटो पावर
- → ② अपराधी राष्ट्र को रोकना या सामूहिक हमला
- → ③ IAEA के सुझाव पर प्रतिबंध
- → ④ महासभा सचिव का चुनाव

drishti
दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

**उत्तरदायित्व**

- सामूहिक सुरक्षा बनाए रखना
- दुनिया में शांति बनाए
- युद्ध को रोकना
- परमाणु प्रौद्योगिकी का सही प्रयोग
- वीटो का दुरुपयोग न करना

परंतु आज के दौर में वीटो एक टूल बन चुका है यह 1945 के पुराने ढाँचे पर कार्य कर रही है लोकतांत्रिकता व पारदर्शिता का अभाव है G-4 लगातार इसमें सुधार की मांग करता है अतः सुरक्षा परिषद का लोकतांत्रीकरण करके इसे विश्व शांति के लिए कार्य करना चाहिए।

drishti | दृष्टि The Vision

(d) टिप्पणी कीजिये: भारत के लिये आसियान (ASEAN) का महत्त्व।
Comment: Importance of ASEAN for India.

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भारत का प्राचीन समय से द. पूर्व से संबंध रहे हैं। ऐसे में आसियान के गठन के बाद भारत के लिए यह एक महत्वपूर्ण संगठन है जो हमारे विदेश नीति का एक मुख्य तत्व है

भारत के लिए आसियान का महत्व

1. भारत के उ. पूर्व के विकास में
   → जैसे - गंगा मेकांग सहयोग
2. एक्ट ईस्ट नीति में
3. हिन्द प्रशांत मे चीन को प्रतिसंतुलित करने (नेकलेस ऑफ डायमण्ड)
4. गोल्डन ट्रायंगल से नार्को व्यापार पर रोक में
5. शरणार्थी समस्या
   → रोहिंग्या
6. बिमस्टेक — थाईलैंड, म्यांमार
7. व्यापार जो अभी $70 B का है बढ़ाने में।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

चुनौतियाँ →

① चीन का प्रभाव
- व्यापार
  - → भारत → $70 बिलियन
  - → चीन → $ 600 बिलियन

② RCEP की क्षतिपूर्ति

③ भारत की कनेक्टिविटी नहीं

④ वर्तमान बांग्लादेश संकट ने और संवेदनशील

⑤ डेफिसिट डिलीवरी

अतः भारत को अपने हितों को बढ़ाने और एक्ट ईस्ट नीति के संवर्धन के लिए आसियान से निकटता व कूटनीति बढ़ानी होगी। सामरिक संबंधों द्वारा कूटनीति में विविधता लानी होगी। भारत-आसियान शिखर सम्मेलन का लाभ लेना होगा।

(e) 'शक्ति की ध्रुवीयता' थीसिस पर टिप्पणी कीजिये।
Comment upon the Polarity of Power Thesis.

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वर्तमान दुनिया बहुध्रुवीयता की तरफ बढ़ रही है। 1990 के बाद अमेरिका एक ध्रुवीय शक्ति के रूप में उभरा।

केनेथ वाल्ट्ज जैसे विचारक द्विध्रुवीय विश्व को शक्ति संतुलन के लिए आवश्यक मानते। मीयरशीमर ने Tragedy of Great Power Politics मे लिखा था कि चीन अमेरिका की एकध्रुवीय शक्ति को विस्थापित करेगा।

अर्न्स्ट हास ने शक्ति संतुलन मे एक ध्रुवीय, द्विध्रुवीय व बहुध्रुवीय दशाओं को लेकर चिंता

drishti | दृष्टि The Vision

व्यक्त की / क्योंकि एक ध्रुवीय विश्व में अकेला राष्ट्र अपनी मनमानी करता जैसे- अमेरिका द्वारा 1990 के बाद ईराक पर जो किया हमला)

बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में शक्ति के कई केन्द्र होते हैं जिससे दुनिया मे अस्थिरता बढ़ती है

त्रिध्रुवीय में दुनिया गुटो मे बट जाती है और पूरी दुनिया का ध्रुवीकरण हो जाता है जैसे - शीतयुद्ध के खतरा बढ़ती है)

अतः आज अमेरिका का पतन (सैमुअल हंटिंग्टन), चीन का उभार (मीअर्शीमर), भारत जैसे राष्ट्रो की बढ़ती शक्ति बहुध्रुवीयता का परिचायक है)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

6. (a) गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) ने विश्व के द्विध्रुवीकरण को काफी हद तक रोका है। NAM के गठन के पीछे के प्राथमिक उद्देश्यों की चर्चा कीजिये। 20

Non-Alignment movement has prevented the bipolarization of the world to the great extent. Discuss the primary objectives behind the formation of NAM. 20

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

(b) "युद्ध के हथियारों को समाप्त कर देना होगा, इससे पहले कि वे हमें समाप्त कर दे।" - जॉन एफ. कैनेडी। टिप्पणी कीजिये। 15

"Weapons of war must be abolished before they abolish us." – John F. Kennedy. Comment. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(c) डब्ल्यू.टी.ओ. की कार्यप्रणाली के अंतर्निहित सिद्धांत और एक उदार व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रमुख उद्देश्यों पर चर्चा कीजिये। 15

Discuss the underlying principle of functioning of WTO and the key objectives in ensuring a liberal Trade order. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

7. (a) 'एक्ट ईस्ट' नीति के परिप्रेक्ष्य से भारत-बांग्लादेश संबंधों के महत्त्व की चर्चा कीजिये। 20
Discuss the significance of the India-Bangladesh relationship from the perspective of Act East policy. 20

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

उदारीकरण के बाद भारत 1992 में लुक ईस्ट नीति लाया फिर 2014 के बाद द० पूर्व के व्यापक हित के लिए एक्ट ईस्ट नीति में इसे परिवर्तित कर दिया। ऐसे में बांग्लादेश इसका मुख्य मार्ग के रूप में साथी है।

एक्ट नीति का मुख्य उद्देश्य प्रोएक्टिव तरीके से भारत को आगे बढ़ना था। अपनी डेफिसिट डिलीवरी को दूर करना।




एक्ट ईस्ट नीति के लाभ
1. द० पूर्व में कनेक्टिविटी तथा चिकन नेक की डायलेमा खत्म
2. आसियान, जापान, कोरिया से व्यापार व सुरक्षा को महत्व
3. हिन्द प्रशांत में चीन को प्रतिसंतुलित

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

ऐसे में भारत-बांग्लादेश संबंध जो बांग्लादेश संकट से पहले अपने सबसे अच्छे दौर से गुजर रहे थे। कलादान मल्टीमोडल कनेक्टिविटी, गंगा मैकांग समझौता, अखौरा अगरतला रेलवे लाइन व मार्ग आदि द्वारा बढ़ रहे थे।

भारत सार्क के विकल्प के रूप में बिम्सटेक को बांग्लादेश के साथ आगे बढ़ा रही थी।

भारत दक्षिण एशिया में आसियान की तरह शांति व सुगम व्यापार का मार्ग चाहती थी।



drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वर्तमान बांग्लादेश संकट से भारत की चुनौतियाँ →

(1) हसीना डायलेमा (शेख हसीना अभी भी भारत में)

(2) जमीयत ए जैसे कट्टरपंथी संगठन भारत विरोध को और तेज

(3) उ० पूर्व में शरणार्थी व उग्रवाद की समस्या।

(4) चीन का बढ़ता प्रभाव तथा पाक का गठजोड़।

ऐसे में भारत को प्रो-इस्टैबलिशमेन्ट की नीति अपनानी चाहिए। यथार्थवादी विचारक सी. राजामोहन ने कहा है भारत को जो भी सरकार आए उससे दोस्ती करनी चाहिए तथा अपने हितों को आगे बढ़ाना चाहिए।

drishti | दृष्टि The Vision

ऐसे में भिमसटेक के भविष्य

क्योंकि म्यांमार पहले से ही सैन्य

सत्तात्मक शासन से जूझ रहा है

अब बांग्लादेश भी। तो एक्ट

ईस्ट नीति में बाधा उत्पन्न होगी।

दूसरी ओर हिन्दप्रशांत में

चीन का शक्तिशाली उभार (मोत्यिमाला)

खुले व नियम आधारित प्रशांत क्षेत्र

में आवागमन को बाधित कर रहा है

अतः भारत को बड़ी सावधानी

से मल्टीअलायनमेंट की नीति और

प्रोइस्टेबलिशमेंट की नीति द्वारा

अपने पड़ोसियों व एक्ट ईस्ट

नीति का कार्यान्वयन करना चाहिए

जहाँ क्वाड, IPEF, SCO, BRICS

महत्वपूर्ण हो सकते हैं

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

(b) दक्षिण चीन सागर के महत्त्व की चर्चा कीजिये। भारत की सुरक्षा और हित के लिये इस क्षेत्र की अन्योन्य क्रिया कैसे महत्त्वपूर्ण हो जाती है? 15

Discuss the importance of the South China Sea and how does the interplay in this region emerge to be critical for India's security and well-being? 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

अमेरिका की 2010 की पाइवोट एशिया नीति के बाद उसका ध्यान मध्य पूर्व से हटकर निकलकर द. चीन सागर में है। साथ ही चीन का शक्तिशाली उभार (भौगोलिक) भारत के लिए भी चुनौती है- ऐसे में चीन सागर।

दक्षिणी चीन सागर का महत्व
- → विश्व के भविष्य के संसाधन
  - जैसे → पेट्रोलियम पदार्थ
  - → मेटानोड्यूल्स
  - → मेथेन गैस
- → चीन का उभार और 9' line द्वारा देशों की संप्रभुता खतरे
- → व्यापार में 40-50% योगदान



drishti दृष्टि The Vision

चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स
नीति, OBOR का सपना भारत के
लिए सामरिक व सुरक्षा की दृष्टि
से चिंतनीय है चीन श्रीलंका
में हंबनटोटा, म्यांमार में कोको
आयलैंड्स, जिबूती में नौसैनिक अड्डे
द्वारा भारत को घेर रहा है
इस चुनौती को दूर करने
और भविष्य के Blue Economy
को पाने के लिए भारत मल्टी-
एलायनमेंट की नीति चला रहा है
भारत एक तरफ SCO, BRICS में
तो दूसरी तरफ क्वाड, IPEF में है
'सागर', जैसी योजना/नीति,
श्रीलंका [illegible] बांग्लादेश आदि द्वारा
भारत हिन्द महासागर में भी आगे

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

बढ़ रहा है।

भारत एक्ट ईस्ट नीति द्वारा अपने आर्थिक व सामरिक हितों को संभाल रहा है। वियतनाम, जापान, कोरिया के साथ चीन को व्यापारिक रूप से प्रतिसंतुलित कर रहा है।

भारत ने अपनी नौसैन्य मजबूती को बढ़ाया जैसे INS विक्रांत, विक्रमादित्य जिससे सामरिक रूप से द.चीन सागर मे अपना महत्व बढ़ाया जा सके।

अतः ऐसे मे वर्तमान समय के अनिश्चित विश्व (जयशंकर Why Bharat Matters) मे भारत अपने हितों व सुरक्षा को लेकर आगे बढ़ रहा है, सही रणनीतिक सामरिक प्रभाव से भारत को बढ़ाने के विचार को सही माना

drishti | दृष्टि The Vision

(c) अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के उद्देश्यों और कार्यों की चर्चा कीजिये। 15

Discuss the objectives and functions of the International Atomic Energy Agency. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

1968 की NPT संधि मे IAEA का प्रावधान था। यह दुनिया मे परमाणु शांति के लिए कार्य करती है

IAEA के उद्देश्य

1. परमाणु परीक्षणो को रोकना
2. शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमो की जांच
3. दुनिया मे परमाणु प्रौद्योगिकी वितरण पर निगरानी
4. दुनिया मे परमाणु अस्त्रो को समाप्त
5. NPT संधि का निरीक्षण

→ भारत के लिए विशेष प्रावधान जहाँ IAEA सिर्फ हमारे नागरिक परमाणु कार्यक्रमो की जांच।

drishti
दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

**कार्य**

1. जिस देश में परमाणु कार्यक्रम चल रहे वहाँ जाना और जाँच करना
2. अपनी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा सुरक्षा परिषद को सौंपना
3. विखण्डित परमाणु ईंधन जैसे कितने प्रतिशत यूरेनियम संवर्द्धित किया जा रहा है नज़र रखना
4. यदि कोई राष्ट्र उल्लंघन कर रहा है तो उस पर प्रतिबंध की माँग।

**IAEA और ईरान** → सन् 2005 में IAEA ने ईरान के मात्रा से अधिक संवर्द्धित करने के कारण प्रतिबंध की माँग।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on the margin)

IAEA को लेकर चुनौती

1. अमेरिका का अत्यधिक प्रभाव
जैसे → ईरान वाले मुद्दे पर
2. फंड के लिए 70% पश्चिमी देशों पर निर्भर
3. राष्ट्र अपने यहाँ अनुमति नहीं देते
4. खुद की मशीनरी व कार्यवाही की शक्ति की कमी

अतः WMD के युग मे परमाणु युद्ध बहुत बड़ा खतरा है ऐसे मे राष्ट्रों को संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए विश्व शांति के लिए कार्य करना चाहिए। 2005 मे IAEA को शांति के लिए दिया गया नोबेल उल्लेखनीय है।

drishti
दृष्टि The Vision

**8.** (a) आर्थिक विकास के मार्ग के रूप में बहु-राष्ट्रीय कंपनियों (एम.एन.सी.) के बहस पर चर्चा कीजिये। 20
Discuss the debate around Multi-National Companies (MNCs) as the road to economic growth. 20

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

उदारीकरण वैश्वीकरण के बाद MNC गैर राष्ट्रीय कर्ता के रूप में एक वृहत शक्ति रखती है। जहाँ इन्होंने राष्ट्रों में आर्थिक विकास, विदेशी निवेश में वृहत भूमिका निभायी तो वहीं दूसरी ओर चुनौतियां भी उत्पन्न की।

आर्थिक विकास के रूप में MNCs का महत्व →

1) यह विदेशी निवेश को राष्ट्रों में आकर्षित करती और देश में आर्थिक विकास GDP में वृद्धि करती।

2) यह प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करती और राष्ट्रों को तेज व सुलभ टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराती।

drishti दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on the margin)

(3) वर्तमान समय में यह नीति टेक्नोलॉजी को भी ला रही।

(4) केनिथ गोलब्रेथ ने MNCs को अन्तर्निर्भरता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

(5) क्लार्क इयूस ने कहा MNCs संचार द्वारा राष्ट्रों को जोड़ती है और वैश्विक समुदाय का निर्माण

(6) मैकमूलन जैसे लोग MNCs को वैश्वीकरण का वाहक कहते।

(7) उपर्युक्त उदारवादी व नव उदारवादी विचारक एवं गॉर्पिल, हायक भी MNCs को पूंजीवाद के लिए आवश्यक मानते।

परंतु एक बहुत बड़ा वर्ग इसकी आलोचना करता है

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

## आलोचना

नव मार्क्सवादी

(1) रॉबर्ट कॉक्स MNCs को नवउपनिवेशवाद व नवसाम्राज्यवाद का वाहक कहते।

(2) नोम चोमस्की ने MNCs को शोषण का जरिया बताया

(3) कैनेथ वॉल्ट्ज जैसे नवयथार्थवादी MNCs को शक्तिशाली राष्ट्रों के हित को पूरा करने वाला कहते।

(4) वालरस्टीन ने MNCs को परिधि के राज्यों के कच्चे माल का शोषण करने वाला बताया।

(5) नारीवादी विचारक सिंथिया एनलो आदि ने MNCs को पितृसत्तात्मक व्यवस्था को पोषित करने वाला कहा।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

वर्तमान मे दुनिया मे दक्षिण पंथ की लहर देखी जा रही है जो संरक्षणवादी नीतियों से भी फल फूल रही है। जैसे राष्ट्र आयात शुल्क ज्यादा करके MNCs को हतोत्साहित कर रहे है।

दूसरी ओर Google, 'X' जैसे प्लेटफार्म की संबंधित राष्ट्र की सरकार से टैक्स, डेटा को लेकर संघर्ष चल रहा। उदा. के लिए 'X' का ब्राजील मे प्रतिबंध।

अतः वर्तमान समय मे एक ओर MNCs आर्थिक अवसरों को सुगम व आकर्षक बना रही है तो वहीं दूसरी ओर संप्रभुता कर आदि जैसे उद्देश्य संघर्ष के लिए निर्मित कर रही।

drishti | दृष्टि The Vision

(b) यूक्रेन संकट अतीत में एक भू-राजनीतिक प्रभाव है। टिप्पणी कीजिये। 15

Ukraine Crisis is a geopolitical fallout rooted in the past. Comment. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

वर्तमान रूस-यूक्रेन संकट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण भूराजनीति को पूरी दुनिया में आगे बढ़ा दिया है ऐसे में यूक्रेन की यूरोप में केन्द्रीय स्थिति रूस के लिए भूराजनीतिक व सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है

1990 के शीतयुद्ध के समाप्त होने और अमेरिका के एक ध्रुवीय शक्ति बनकर उभरने से शक्ति संतुलन बिगड़ गया। USSR से विघटित हुए 15 राष्ट्रों ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का अनुपालन किया। इसी क्रम में 80% ने नाटो की सदस्यता ग्रहण कर ली चाहे पोलैण्ड हो या बाल्टिक देश।

drishti | दृष्टि The Vision

यूक्रेन एवं जार्जिया भी नाटो
की सदस्यता ग्रहण करना चाहते थे।
यूक्रेन ने अपनी सुरक्षा को रूस
की तरफ से खतरा माना।

जबकि रूस ने यूक्रेन के
नाटो मे जाने को उसके लिए
भूराजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण
माना क्योंकि अब नाटो की सीमा
यूक्रेन के बाद उसकी प्रत्यक्षत:
पश्चिमी सीमा को स्पर्श करती।

2014 मे क्रीमिया पर रूस
द्वारा कब्जा करने के बाद
फिर कोविड बाद युद्ध यूक्रेन पर
हमला ने उसके अर्थात रूस
के दृष्टिकोण को उजागर कर
दिया।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

लुहांस्क, डोनेटस्क पर कब्जा
और क्रीमिया पर पहले कब्जा द्वारा
रूस यूक्रेन को इस भूमि आबद्ध
देश के रूप में बदलना चाहते
हैं। वह यूक्रेन को काला सागर
से हटाना चाहते हैं।

लेकिन आज तीन साल बीत
जाने के बाद भी यह भूराजनीतिक
संकट चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। स्वीडन
व फिनलैंड के नाटो ज्वाइन ने
यूरोप के Zone of Peace (शांति क्षेत्र)
के विचार पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया।
वर्तमान में भारतीय PM मोदी की
पहले रूस यात्रा और फिर यूक्रेन
यात्रा भारत को नेतृत्व प्रदान
करने का मौका देती है।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

drishti | दृष्टि The Vision

(c) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सुधारों में आने वाली बाधाओं की चर्चा कीजिये। 15
Discuss the impediments to the reforms in the International Monetary Fund. 15

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ब्रेटन वुड्स संस्था के रूप में वर्ल्ड बैंक व आईएमएफ का उदय हुआ। इसने ~~नवीन~~ अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के निर्माण में सहायता की।

IMF के कार्य/महत्व

- IMF में राष्ट्र SDR के रूप में योगदान

1. राष्ट्रों में भुगतान संतुलन की समस्या हल करना
2. विश्व में स्थिर वित्तीय नीतियाँ
3. विनिमय बाजार को खुला व प्रतिस्पर्धी
4. पाक जैसे देश या श्रीलंका को बैलआउट पैकेज देना।

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

## बाधाओं / चुनौतियाँ

संस्थागत →

1. SDR में असमानता
2. निर्णय लेने में पश्चिमी राष्ट्रों का प्रभाव / बहुमत
   G-7 → 75%
3. गवर्निंग बोर्ड में पश्चिमी विचारों व अर्थशास्त्रियों की नियुक्ति

विश्व में →

1. इसकी बेलआउट पैकेज की Terms & Condition राष्ट्रों की संप्रभुता को खतरा
2. पूंजीवाद का प्रोत्साहन
3. लोकतांत्रीकरण व ग्लोबल साउथ के प्रतिकूल

drishti | दृष्टि The Vision

(4) पश्चिमी राष्ट्र (अमेरिका) इसका प्रयोग एक टूल के रूप में करते।

सुधार
- → भारत (IBSA) जैसे देश लोकतांत्रिकता
- → निर्णय सर्वसहमति से
- → पश्चिमी प्रभाव खत्म
- → उभर्ते एवं कंजोरशर राष्ट्र के हिसाब से
- → ग्लोबल साउथ → नवीन आर्थिक व्यवस्था (NIEO) की मांग

अतः वर्तमान समय की मांग है कि संस्थाओं का लोकतांत्रिकरण कर ग्लोबल साउथ को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

**Feedback**

Questions ..........

Model Answer & Answer Structure ..........

Evaluation ..........

Staff ..........

रफ कार्य के लिये स्थान

(Space for Rough Work)

रफ कार्य के लिये स्थान

(Space for Rough Work)